डालडा वनस्पति अब ट्रांस-फैट फ्री

पटना। डालडा वनस्पति देश के सबसे पुराने, सबसे मजबूत और सबसे प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक ने आज डालडा वनस्पति के ट्रांस-फैट मुक्त होने की घोषणा किया । बुंगे इंडिया के जीएम मार्केटिंग मिलिंद आचार्य ने कहा, डालडा 75 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत के साथ भारत में एक घरेलू ब्रांड रहा है। भारत में खाद्य सुरक्षा नियमों को पूरा करने का हमारा निरंतर प्रयास रहा है, बल्कि स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा पर वैश्विक विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना भी है। डालडा में हम हमेशा अपने ग्राहकों को कुछ और नहीं, बल्कि सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट देने का प्रयास करते हैं। 'लाभ से अधिक सुरक्षा' के अपनी मूल सोच के अनुरूप, हमने ट्रांस-फैट में कमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिये निरंतर प्रयास किया और हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि डालडा वनस्पति अब ट्रांस-फैट मुक्त है, अब सेहत के साथ, स्वाद चखेगा इंडिया ! इस वादे के साथ डालडा को उम्मीद है कि वह भारत के हर किचन में अपना जादू हमेशा चलाता रहेगा।